FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना नारखी दिनाँक 24-07-2026 जनपद फिरोजाबाद।

## श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना नारखी पुलिस एवं सर्विलांस टीम फिरोजाबाद द्वारा थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत दिनाँक 07-06-2026 एवं दिनांक 04-07-2026 को बकरियां चोरी करने वाली बकरी चोरी गैंग के 02 शातिर चोर पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार।

- पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से शातिर अभियुक्त सौरभ हुआ घायल।
- अभियुक्तों के कब्जे से 02 बकरी , अवैध तमंचा 315 बोर, खोखा कारतूस 315 बोर, जिंदा कारतूस 315 बोर एवं चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त स्विस्ट कार (DL 2C AN 7682), व बकरी/बकरे बेचने से प्राप्त 15000/- बरामद।
- घायल अभियुक्त सौरभ को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।

दिनांक 07.06.2026 को ग्राम बैंदीपुर विदरखा में वादी के 04 बकरे/बकरियां (अजवंश) में तथा दिनांक 04.07.2026 कांशीराम नयी कॉलोनी पचवान में वादी की 06 बकरी चोरी करने लेने के संबंध में थाना नारखी पर मु0अ0सं0 245/26 धारा 303(2) बीएनएस0 एवं मु0अ0सं0 304/26 धारा 303(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना नारखी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 245/26 धारा 303(2) बीएनएस0 एवं मु0अ0सं0 304/26 धारा 303(2) बीएनएस0 से संबंधित चोरी की घटनाओं के शीघ्र एवं सफल अनावरण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के उद्देश्य से सर्विलांस टीम एवं थाना नारखी पुलिस सहित 04 टीमों का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण एवं अन्य साक्ष्यों के संकलन के आधार पर की गई विवेचना के दौरान चोरी की घटनाओं में 02 अभियुक्तों 01.सौरभ व 02.सोनवीर की संलिप्तता प्रकाश में आई। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार अभियुक्तों के संभावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही थी, इसी क्रम में आज दिनांक 24-07-2026 को मुखबिर द्वारा थाना नारखी पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 245/26 व मु0अ0सं0 304/26 में वांछित अभियुक्तगण चोरी की गयी बकरियां बेचने के लिये कार लेकर बैंदी की पुलिया के पास खड़ें हैं। उक्त सूचना पर थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गयी। पुलिस टीम को देखकर अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया जिसने पूछताछ में अपना नाम सौरभ पुत्र जगदीश बताया है। वहीं दूसरा अभियुक्त मौके से भागने लगा जिसको पुलिस टीम द्वारा भागते हुए घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है । जिसने अपना नाम सोनवीर पुत्र जगदीश बताया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों की पहचान मु0अ0सं0 245/2026 एवं मु0अ0सं0 304/26 में वांछित अभियुक्तों के रूप में हुई है । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गयी 02 बकरी,01 अवैध तमंचा 315 बोर, 03जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त

01स्विफ्ट कार (DL 2C AN 7682), चोरी की बकरे/बकरियां बेचकर प्राप्त 15,000/- रुपए बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्त सौरभ को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. सौरभ पुत्र जगदीश मूल निवासी ग्राम सैफपुर थाना सिरमागंज जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी देवरी रोड शांति नगर थाना सदर बाजार जनपद आगरा।
2. सोमवीर उर्फ बन्टी पत्र जगदीश मूल निवासी ग्राम सैफपुर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी देवरी रोड शांति नगर थाना सदर बाजार जनपद आगरा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सौरभ –**

1. मु0अ0सं0 130/2018 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना वैदपुरा जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 131/2018 घारा 41/102 सीआरपीसी व 411 भादवि थाना वैदपुरा जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 0025/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 422/2022 धारा 379/411 भादवि थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
5.मु0अ0सं0 443/2022 धारा 379/382/411 भादवि थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
6.मु0अ0सं0 350/2016 धारा 413 भादवि थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
7.मु0अ0सं0 245/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नारखी जनद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सोनवीर –**

1.मु0अ0सं0 245/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नारखी जनद फिरोजाबाद।
2.मु0अ0सं0 270/2023 धारा 379/411 भादवि थाना खैरगढ़, फिरोजाबाद।
3.मु0अ0सं0 245/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नारखी जनद फिरोजाबाद।

**अभियुक्तों से बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 04 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. 01 कार स्विफ्ट डिजायर (DL 2C AN 7682),।
5. 15000/- रुपये

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक मुकेश सर्विलांस मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
2. थानाध्यक्ष राकेश कुमार गिरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 आकाश थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4.उ0नि0 आदित्य प्रताप थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
5.मु0आ0 सुधीर थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
6. रि0का0 छवी कटारिया थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
7. रि0का0 नागेन्द्र सिंह थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।